दिन– शनिवार दिनांक– 12 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. अठारहवां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहा है शुरू। दो दिन के सम्मेलन में वैश्विक सुशासन, व्यापार, सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर चर्चा होगी।

02. प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत अठारह लाख सतहत्तर हजार नए मकानों को मंजूरी मिली। बिहार समेत छह राज्यों को होगा लाभ।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। ट्रैफिक चालान समेत विभिन्न मामलों का होगा निपटारा।

04. और, गंगा, पुनपुन और सोन समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट के बावजूद अब भी खतरे के निशान से ऊपर।

---

अठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले ग्यारह देश भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के नेता कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देश के लिए एक वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षवाद को मजबूत करना विषय पर सत्र से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्रिक्स नेताओं के साथ कई बैठकें करेंगे। इनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी. चिनफिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अबदुल फताह अस्सीसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन शामिल होंगे। श्री मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री आबी अहमद और अबू धाबी के युवराज शेख खालेद–बिन–मोहम्मद–बिन–ज़ायद अल नहयान के साथ भी बैठक में शामिल होंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––साउंड बाईट–––

इस उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा से निपटने की क्षमता और ज़रूरी आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा है। ब्रिक्स बैठक थीम है – **लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।**

---

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी – पीएमएवाई–यू के द्वितीय चरण के अंतर्गत अठारह लाख सतहत्तर हजार मकानों को मंजूरी दी है। इससे शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निर्णय नई दिल्ली में केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति की नौवीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह ने की। बैठक में पीएमएवाई–यू द्वितीय चरण के लाभार्थी आधारित निर्माण और साझेदारी में किफायती आवास श्रेणियों के अंतर्गत लगभग उनतीस हजार अतिरिक्त मकानों को भी मंजूरी दी गई। यह अनुमति बिहार, असम, गुजरात, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश के लिए हैं। श्री सिंह ने राज्यों से पीएमएवाई–यू के द्वितीय चरण के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन तथा निगरानी के लिए मिलकर प्रयास करने को कहा, ताकि योजना का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

---

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में जमीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इसके तहत प्रत्येक भूखंड को 14 अंकों का यूनिवर्सल लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर, यानी यूएलपीआइएन दिया जाएगा। इसे भू–आधार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इससे जमीन का नक्शा, अधिकार रिकॉर्ड और पंजीकरण संबंधी जानकारी एक साथ उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत इस व्यवस्था के लिए 565 करोड़ 50 लाख रुपये का प्रावधान किया है। श्री चौहान ने कहा कि भू–आधार जमीन के मालिकाना हक का प्रमाण नहीं होगा। स्वामित्व का निर्धारण संबंधित राज्य के वैध भूमि रिकॉर्ड और कानून के आधार पर ही होगा।

---

राज्य में खरीफ दो हजार चौबीस के लिए एक लाख सत्रह हजार सात सौ आठ किसानों के खाते में फसल क्षति सहायता के रूप में एक सौ चार करोड़ छियालीस लाख छियालीस हजार चार सौ पांच रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए हैं। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि यह भुगतान ऑनलाइन किया गया है। श्री यादव ने बताया कि रबी दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए पात्र किसानों के आंकड़ों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के बाद सहायता राशि जल्द भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा और अन्य कारणों से फसल की उपज में कमी आने पर किसानों को यह सहायता दी जाती है। वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के रबी मौसम से राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी लागू होगी।

---

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष दो हजार उन्नीस में आज ही के दिन शुरू की गई थी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग जमाबंदियों में सुधार के लिए पैंतालीस दिन का विशेष अभियान चलाएगा। अभियान के दौरान खाता, खेसरा, प्लॉट और रैयत के नाम में दर्ज त्रुटियों को दूर किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क भूमि मापी भी कराई जाएगी। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि अधिकारियों और लोगों के बीच संवाद की कमी के कारण ऑफलाइन आवेदनों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अंचलों के कामकाज की गुणवत्ता पर मुख्यालय से प्रतिदिन निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों की टीम गठित की जा रही है। सरकारी भूमि का लैंड बैंक तैयार करने के लिए जिलों की सभी प्रकार की सरकारी भूमि को इसमें शामिल किया जाएगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति राज्य के उनतीस जिलों में वज्रगृह सह परीक्षा भवन का निर्माण करायेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश के बाद इसके लिए तैंतीस करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पहले चरण में बारह स्थानों पर वज्रगृह और परीक्षा भवन के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इनमें रोहतास, लखीसराय, बेगूसराय, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, वैशाली, कैमूर, नालंदा, जमुई, कटिहार, नवादा और मधेपुरा शामिल हैं। इन भवनों के निर्माण से प्रश्नपत्रों और परीक्षा सामग्री के सुरक्षित भंडारण के साथ परीक्षा संचालन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। लोक अदालतों में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने वाहन मालिकों से लंबित चालानों के निष्पादन के लिए लोक अदालत आने की अपील की है।

–––साउंड बाइट–––

---

प्रदेश में गंगा, पुनपुन और सोन समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट जारी है, लेकिन  गंगा और पुनपुन नदी कई स्थानों पर अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जबकि दरधा नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से एक दशमलव दो तीन मीटर ऊपर दर्ज किया गया। मनेर में नौ सेंटीमीटर की कमी बावजूद नदी का जलस्तर खतरे के निशान से इक्यासी सेंटीमीटर अधिक है। दीघा घाट पर छह सेमी कमी के साथ गंगा खतरे के निशान से तिरेसठ सेंटीमीटर ऊपर ऊपर बह रही है। पटना के श्रीपालपुल में पुनपुन नदी का जलस्तर पिछले चौबीस घंटे में उनतालीस सेंटीमीटर कम हुआ लेकिन अब भी यह खतरे के निशान से एक दशमलव चार एक मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंगा, गंडक, कोसी और सोन नदी में जलस्तर घटने के साथ ही तटवर्ती इलाकों में कटाव का खतरा बढ़ गया है। पानी कम होने के बाद नदियों की धारा कई स्थानों पर दबाव बना रही है। जल संसाधन विभाग ने संवेदनशील तटबंधों और कटाव संभावित स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी है। स्थानीय अभियंता के अतिरिक्त विभाग के नियंत्रण कक्ष से भी निगरानी रखी जा रही है। इधर, नेपाल की ओर से आने वाले पानी में उतार–चढ़ाव के कारण कई नदियों की धारा में बदलाव होने की सम्भावना है।

---

बिहार विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल ने छह उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने उम्मीदवारों की सूची जारी की। **उन्होंने कहा कि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जेडीयू के पूर्व विधायक डॉक्टार संजीव सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। पटना स्नातक सीट से दिलीप कुमार, कोशी स्नातक सीट से नितेश कुमार, दरभंगा स्नातक से अनिल कुमार झा, सारण शिक्षक सीट से प्रोफेसर जयराम यादव और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉक्टर रश्मि विनायक गौतम को प्रत्याशी बनाया गया है।**

---

मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी दो दिवसीय अररिया दौरे के दूसरे दिन आज फारबीसगंज में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू होने वाले पार्टी के सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर चर्चा की जायेगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंकों में हुये हड़ताल पर लिखा है– बिहार में बैंक हड़ताल से पचास हजार करोड़ रूपये का कारोबार ठप हुआ।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– इंटरनेट का उपयोग करने में बिहार सबसे आगे। यूट्यूब पहली पसंद।

दैनिक भास्कर ने जदयू का नाम जनता दल नीतीश करने की चर्चा पर लिखा है– जदयू में नीतीश के नाम पर रार, इधर राजद बोला–उनका अंत करीब।

प्रभात खबर लिखता है– इंजीनियर के पास मिली चार करोड़ की अवैध सम्पत्ति और छिहत्तर लाख रूपये के जेवर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अठारहवां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहा है शुरू। दो दिन के सम्मेलन में वैश्विक सुशासन, व्यापार, सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर चर्चा होगी।

02. प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत अठारह लाख सतहत्तर हजार नए मकानों को मंजूरी मिली। बिहार समेत छह राज्यों को होगा लाभ।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। ट्रैफिक चालान समेत विभिन्न मामलों का होगा निपटारा।

04. और, गंगा, पुनपुन और सोन समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट के बावजूद अब भी खतरे के निशान से ऊपर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।